हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार 23 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 9 .5 डिग्री

12 किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान



12 हिंदू सम्मेलनों में एकता व भाईचारे का संदेश संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन पर दिया जोर



## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी के मामले में दो नाबालिग अभिरक्षा में

**कोसली।** नाहड चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले दो नाबालिगों को अभिरक्षा में लिया है। गांव बव्वा निवासी सुधीर कुमार गत 11 फरवरी को बाइक पर गांव में ही एक लगन प्रोग्राम में गया था तथा बाइक को बाहर खड़ी करके अंदर चला गया। जब वह बाहर आया तो बाइक गायब थी। जब उसने अपने स्तर पर बाइक की तलाश की तो पता चला कि गांव के दो लोगों ने ही बाइक चुराई है। इसके बाद उसने 20 फरवरी को पुलिस का शिकायत दी। पुलिस ने शनिवार को मामले में संलिप्त दोनों नाबालिगों को अभिरक्षा में ले लिया है। पुलिस ने चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेज दिया है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए करें आवेदन

**रेवाड़ी।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत सरकारी अथवा निजी शिक्षण संस्थाओं में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए छात्र को पीएमएस-एससी के लिए अनुसूचित जाति श्रेणी और पीएम-यशस्वी घटक-2 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग या विमुक्त जनजाति से संबंधित श्रेणी से होना चाहिए, छात्र हरियाणा राज्य का निवासी हो और छात्र की वार्षिक पारिवारिक आय 2 लाख 50 हजार रुपये से अधिक न हो।

### सीहा में बाबा रामस्वरूपदास महाराज का मेला चार को

**कुंड।** क्षेत्र के गांव सीहा में सिद्ध श्री योगिराज बाबा रामस्वरूपदास महाराज दादूपंथी का मेला आगामी 4 मार्च को धुलेंडी पर्व पर लगेगा। मेले के दौरान संतों का सत्संग और प्रवचन का कार्यक्रम होगा। आश्रम के महंत नरोत्तमदास महाराज के सानिध्य में बाबा की तपोभूमि पहाड़ी पर लगने वाले मेले की तैयारी जोरों पर है।

*पब्लिक टॉयलेट की चारदीवारी तक हो चुकी जर्जर, जगह-जगह से गिर रहा प्लास्टर*

# टेंडर होने के बाद भी जर्जर हालत में सार्वजनिक शौचालय, मेंटेनेंस के साथ सफाई पर भी नहीं ध्यान

**नगर परिषद की ओर से इन टॉयलेट्स की मरम्मत करना तो दूर सफाई पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

देखरेख के अभाव में शहर के सार्वजनिक शौचालयों की दशा बिगड़ती जा रही है। लंबे समय से पब्लिक टॉयलेट्स की मरम्मत नहीं हो पा रही है। शहर के ज्यादातर टॉयलेट जर्जर अवस्था में आ चुके है। टॉयलेट की चारदीवारी से प्लास्टर झड़ रहा है। नगर परिषद की ओर से इन टॉयलेट्स की मरम्मत करना तो दूर सफाई पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर परिषद की ओर से शौचालयों के मेंटेनेंस को लेकर करीब 40 लाख रुपये के एक साल के लिए टेंडर किए जा चुके है, लेकिन अभी भी शौचालयों जर्जर अवस्था में नजर आ रहे है, जबकि नप अधिकारियों के अनुसार पब्लिक टॉयलेट के सुधारीकरण को लेकर कार्य शुरू किया जा चुका है। कई सार्वजनिक शौचालयों की सीट, पानी की टंकी, वार्शवेशन व दरवाजे तक टूट चुके है, वहीं नल और फ्लश भी खराब स्थिति में है। शहर में करीब 22 सार्वजनिक शौचालय और 11 यूरिनल बने हुए है। प्रति वर्ष इनके रखरखाव और साफ-सफाई के लिए ठेका दिया जाता है, लेकिन ठीक से देखरेख व सफाई नहीं होने पर इन शौचालयों की हालत बिगड़ चुकी है।

> नप अधिकारियों के अनुसार पब्लिक टॉयलेट के सुधारीकरण को लेकर कार्य शुरू किया जा चुका है। कई सार्वजनिक शौचालयों की सीट, पानी की टंकी, वार्शवेशन व दरवाजे तक टूट चुके है, वहीं नल और फ्लश भी खराब स्थिति में है।





रेवाड़ी। नेहरू पार्क के पास जर्जर हालत में सार्वजनिक शौचालय, पब्लिक टॉयलेट में टूटे पड़े उपकरण। फोटो : हरिभूमि

### प्रति वर्ष लाखों खर्च, फिर भी सुविधा नहीं

नगर परिषद की ओर से शौचालयों के रखरखाव व सफाई के नाम पर प्रति वर्ष लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। महाराणा प्रताप चौक, गोकल गेट, बारा हजारी, नाईवाली चौक, सती कॉलोनी, रेलवे रोड, अनाजमंडी के पास और रेलवे रोड सहित कई जगह शौचालयों में गंदगी का आलम छाया हुआ है। इनमें से कई शौचालय जर्जर हालत में आ चुके है। मोबाइल टॉयलेट भी खराब स्थिति में हैं। नगर परिषद की ओर से दिसंबर 2024 में 44.62 लाख रुपये की लागत से 22 शौचालयों और 7 यूरिनल स्पॉट की मरम्मत कराने के लिए टेंडर जारी किया गया था। लेकिन कार्य में खानापूर्ति की गई और शौचालयों की हालत में सुधार तक नहीं हुआ।



पब्लिक टॉयलेट में सफाई न होने से गंदगी का आलम।

### आधुनिक शौचालय बनाने की तैयारी

नगर परिषद की ओर से शहर में 30.66 लाख रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त दो एस्पिरेशनल शौचालय का निर्माण कराने की तैयारी चल रही है। इसके लिए राव तुलाराम पार्क और सिविल अस्पताल के पास स्थान चयनित किया गया है। बावल में भी आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक एस्पिरेशनल शौचालय का निर्माण होगा, जिस पर 14.32 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे, लेकिन ये कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाए है।

### टेंडर किए जा चुके

शहर के सार्वजनिक शौचालयों के मेटेंनेंस के लिए एक साल के टेंडर किए जा चुके है। शौचालयों की स्थिति में सुधार का कार्य भी शुरू किया जा चुका है। शौचालयों का निरीक्षण करके व्यवस्था बनाई जाएगी।
-अंकित वशिष्ठ, एक्सईएन नगर परिषद।

# बाइक चोरी करने के मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में बाइक चोरी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

- पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

धारूहेड़ा थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूंह के गांव अटेरना निवासी इरफान उर्फ इफ्फा के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। राजस्थान के जिला खैरथल तिजारा के गांव कालाका निवासी परमजीत डीजे फ्लोवर का काम करता है। गत वर्ष 3 मार्च को वह अपनी बाइक पर धारूहेड़ा के शिवालय गार्डन में काम के लिए आया था तथा बाइक को गार्डन के अंदर खड़ा किया था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया। पुलिस ने मामले में संलिप्त चार आरोपी जिला नूंह के गांव अटेरना निवासी मोहम्मद युसुफ, राजस्थान के जिला खैरथल तिजारा के गांव मिलकपुरी निवासी आसबदीन उर्फ कल्लु, गांव सिलारपुर निवासी रासीद व सफीक खान उर्फ टुल्ला को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई बाइक को भी बरामद कर लिया था। पुलिस ने शनिवार को मामले में संलिप्त पांचवे आरोपी इरफान उर्फ इफ्फा को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# खंडोड़ा में 25 तक किए जाएंगे धार्मिक अनुष्ठान



रेवाड़ी। खंडोड़ा में हवन करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

गांव खंडोड़ा स्थित राम मंदिर परिसर में ब्रह्मलीन महंत राणा गिरी महाराज की कृपा से पांच कुंडीय महालक्ष्मी विष्णु महायज्ञ, नवग्रह पूजा एवं प्रथम विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 25 फरवरी तक प्रतिदिन हवन के साथ संपन्न होगा। 25 फरवरी को पूर्णाहूति, कन्या पूजन व भंडारे का कार्यक्रम होगा। रविवार को संत रामगिरी महाराज की मंडली की ओर से क्षेत्र की सुख-शांति और विश्व कल्याण की कामना के लिए हवन यज्ञ किया गया। महंत रामगिरी महाराज और महंत मुकेश गिरी महाराज के सान्निध्य में धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे है।

*पुलिस इस मामले में 10 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी*

# निवेश के नाम पर 9.46 करोड़ की ठगी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष गांव पिथनवास निवासी एक व्यक्ति से स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 9.46 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान एमपी के जिला भोपाल की सागर लैंडमार्क सोसाइटी हाल आबाद बिहार के जिला वेस्ट चम्पारण के गांव गोवर्धन निवासी चंदन कुमार के रूप में हुई हैं। पुलिस इस मामले में 10 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। गांव पिथनवास निवासी



- पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

जयकृष्ण आभीर 24 अगस्त 2025 को सोशल मीडिया पर व्हाट्स एप ग्रुप से जुड़ा था, जिसके बाद उसका आरोपियों से संवाद होना शुरू हो गया। आरोपियों ने उससे स्टॉक मार्केट मे इन्वेसमेंट करने की बात कह कर एक मोबाइल एप्लीकेशन मोबाइल में इन्सटाल करा दी। इसके बाद आरोपियों ने उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए अलग-अलग बैंक खातों में कुल 9 करोड़ 46 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। जब उसने यह राशि वापस निकालने का प्रयास किया तो उससे और पैसा जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला। पुलिस ने मामले में संलिप्त 10 आरोपी जिला गुरूग्राम के नरहेड़ा निवासी अजय ओमपाल, बिहार के जिला पटना के वैस्टेर रामकृष्णत नगर निवासी पृथ्वी राज चौहान, बिहार के जिला पटना के विकर सैक्सजन कॉलोनी कंकडबाग निवासी तरूणचन्द्रम झां,कोलकाता के गोबरा गोरस्थान रोड निवासी शुभम माली, कर्नाटक के मैसूर के क्रॉस रोड गोसिया नगर निवासी मोहम्मद आफताब, मैसूर के क्रॉस रोड मंडी मोहल्ला हाल आबाद शांति नगर मैसूर निवासी मोहम्मद अबूबकर सिद्दकी, कोलकाता के दक्षिणी चौबीस प्रगना बौरेल हाल आबाद दिल्ली के कालकाजी के अरावली अपार्टमेंट निवासी अनिर्बन भट्टाचार्य, बिहार के जिला सिवान के गांव नरहिया निवासी संजीव कुशवाह, गांव बडगांव गुघा टोला निवासी संदीप कुमार व रवि कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने शनिवार को चन्दन कुमार को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैक खाते से 2 करोड़ 42 लाख गए थे। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

# ऑनलाइन सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर एक मार्च से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में हरियाणा प्रदेश में 21 दिवसीय ऑनलाइन सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पतंजलि योग समिति जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि 21 दिवसीय ऑनलाइन सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर 1 मार्च से 21 मार्च तक संचालित होगा। शिविर में अनुभवी योग शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें योग, आयुर्वेद, एक्यूप्रेशर एवं घरेलू उपचार से संबंधित विषयों का अभ्यास कराया जाएगा। साथ ही योग-आयुर्वेद आधारित पाठ्यक्रम भी शामिल रहेगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को पतंजलि योगपीठ का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

# हिंदू सम्मेलन में बच्चों में अच्छे संस्कार देने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति भाड़ावास मंडल की ओर से रविवार को मंहत महावीर दास की उपस्थिति में हिंदू एकता का संदेश दिया गया। इस मौके पर बाबा मोहन दास मंदिर में कार्यकम का आयोजन किया गया। महिलाओं की ओर से कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर में हवन का आयोजन भी किया गया तथा संघ प्रचारकों ने हिंदुत्व के बारे में प्रचार किया। बच्चों ने कविता गाकर अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर महंत महावीर दास ने कहा हिंदू एकता को बनाने के लिए समाज को एकजुट होना चाहिए। अपने बच्चों में अच्छे संस्कार अच्छे दे व बुजुर्गों का मान-सम्मान करें। मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया।



रेवाड़ी। कलश यात्रा निकालते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

- संघ प्रचारकों ने हिंदुत्व के बारे में प्रचार किया

# ब्राह्मण सभा 2 को होली व 4 मार्च को मनाएगी धुलेंडी पर्व



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव 19 अप्रैल अक्षय तृतीया के अवसर पर ब्रह्मगढ़ स्थित मंदिर में मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रविवार को ब्रह्मगढ़ परिसर में ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक प्रधान चंद्रशेखर गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर सभा प्रधान ने बताया कि ब्रह्मगढ़ में प्रत्येक वर्ष की भांति होली उत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष होलिका पूजन व दहन का त्योहार 2 मार्च को मनाया जाएगा तथा 3 मार्च को चन्द्र ग्रहण होने के कारण प्रातः सूतक लगने के कारण पूजन व दहन नहीं किया जा सकेगा तथा रंगोत्सव व धूलेंडी का पर्व 4 मार्च को मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव 19 अप्रैल रविवार अक्षय तृतीया के अवसर पर ब्रह्मगढ़ स्थित मंदिर में मनाया जाएगा। इस मौके पर ब्राह्मण सभा की ओर से समाज के सदस्य के गंभीर बीमारी से ग्रस्त होने के कारण इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के लिए निर्णय लिया गया, जिसके लिए सभा के बैंक खाता का स्कैनर क्यूआरकोड समाज के सूचना ग्रुप में भेजा जा रहा है, जिसमें समाज के सदस्य यथा संभव आर्थिक राशी भेजकर इलाज में सहयोग कर सकते है। इस अवसर पर उपप्रधान दीपक मुदगिल एडवोकेट महासचिव जयकुमार कौशिक, मैनेजर हेमन्त , प्रेस सचिव रमेश वशिष्ठ , कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र भारद्वाज, जितेंद्र तिवाड़ी,सुरेंद्र शर्मा, प्रकाश चन्द भारद्वाज, सुरेश शर्मा, मनीष जोशी, सुभाष व महेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

**नठेड़ा गांव में आयोजित सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन**

# क्रिकेट में कोसली विजेता व धनिया की टीम बनी उपविजेता

- मुख्य अतिथि ने विजेता टीमों को नगद पुरस्कार एवं ट्राफी प्रदान कर उत्साहवर्धन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

नठेड़ा गांव में आयोजित सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन महेंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव मुख्य अतिथि तथा डा. राजेन्द्र यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। मुख्य अतिथि ने विजेता टीमों को नगद पुरस्कार एवं ट्राफी प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में कोसली की टीम प्रथम तथा धनिया की टीम द्वितीय स्थान पर रही। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 31 हजार रुपये की नकद राशि व ट्रॉफी तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 21 हजार रुपये की नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सेमीफाइनल मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हेमंत एवं यशवीर को मैन आफ द मैच और फाइनल मुकाबले में मैन आफ द मैच वरुण कोसली और मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार जसवंत धनिया को दिया गया। सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन 16 फरवरी को गांव के सरपंच मनोज कुमार एवं पूर्व सरपंच हेमंत कुमार ने संयुक्त रूप से किया था। इस मौके पर भाजपा नेता वीर कुमार यादव ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास भी करते हैं। इस अवसर पर अनेक ग्रामीण व युवा उपस्थित थे।



रेवाड़ी। विजेता टीमों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

*किसी भी मनुष्य की इच्छाशक्ति अगर उसके साथ हो तो वह कोई भी काम बड़े आसानी से कर सकता है । इच्छाशक्ति और दृढ़संकल्प मनुष्य को रंक से राजा बना देती है।*

**– महर्षि वाल्मीकि**



*जोगिंदर ने अंगोछे से मुंह पोंछा और तंबाकू की पीक निगलता हुआ बोला, "बाबूजी ने बहुत बड़ा फ़ार्म हाउस बनवाया है। अब अगले महीने वहीं काम करना है। बाबूजी ने यह भी बोला है, काम अच्छी तरह से किया, तो यहीं पर परमानेंट कर देंगे। छह महीने बाद पगार भी बढ़ा देंगे और रहने को पक्की छत वाला एक कमरा भी बनवा देंगे।"*



# तितलियां



कहानी

**विकेश निझावन**

जोगिंदर देर रात तक सामान बटोरता रहा। कस्सी, खुरपा, दराती और बड़ी वाली कैंची। यह सब तो ठीक, लेकिन किसी और औज़ार की ज़रूरत भी तो पड़ सकती है, जोगिंदर मन ही मन बुदबुदाया। अब इतना भी क्या सोचना। बाबू वहां होगा, उनसे कह देगा। जोगिंदर ने यह बात माया के आगे भी दोहरा दी तो माया खीजती-सी बोली, "तेरे को ये सब भी ले जाने की क्या ज़रूरत। नई जगह है, बाबू अपने-आप नया सामान दिला देंगे।"

"अरी, कैसी बात करती हैं। यह सामान भी तो बाबूजी ने ही दिलाया था। अब हर दिन बाबूजी पैसे ख़र्च करते रहेंगे। जब कोई चीज़ टूट जाएगी, तब कह देंगे उनसे। दीवार की खूंटी से अपनी बनियान उतारता जोगिंदर बोला, "पैसा अपना हो या दूसरे का, इस तरह बर्बाद ना करने का मैं।"

"बस रे हरिश्चंद्र की औलाद। तेरी इसी बुद्धि करके तो मुझे भी नरक-सी जिंदगी जीनी पड़ रही है। पिछले माह देखा, क्या हाल रहा अपना। पूरा दिन नाले की सफ़ाई करते-करते, बदन कोढ़ मारने लगा था। मच्छर, कीड़े मेरी बाजू के ऊपर तक चढ़ आते थे। सूरज को चुन्नी में लपेट पेड़ के नीचे सुला आती थी। यूं कह ले, पेड़ ने ही उसकी रक्षा की।" माया पलभर को रुकी, फिर लंबी सांस भरती बोली, "अब तो पाली दसवीं पास कर ले, उसे कहीं किसी दफ्तर में लगवा दो।"

"किसी दफ्तर में! अफ़सरी करेगा क्या?"

"नहीं जी, अफ़सरी तो नहीं कह रही मैं। चपरासीगीरी तो कर ही लेगा।"

जोगिंदर ने ठंडी सांस भरी, फिर बोला, "तेरी बात तो ठीक है री, परंतु मैं कुछ और सोचूं।"

"तो अब तू क्या सोचे?"माया उतावली-सी होती बोली।

"मैं सोच रहा हूं, अगर वह दस पास कर सकता है, तो बारह भी पास कर लेगा। और बारह पास को तो सरकारी नौकरी भी मिल जाए।"

"सरकारी नौकरी! हम जैसों को सरकारी नौकरी कौन देगा। अपनी तो कोई न जान-पहचान, न कोई सिफ़ारिश।"

"अरी, अभी दो साल हैं ना! बाबूजी से कहेंगे, वह पहुंच वाले आदमी हैं, और फिर किस्मत पलटते देर ना लगे। अब अपना ही देख ले, कल तक नाले की साफ़-सफ़ाई कर रहे थे, अब कल से बाग़-बग़ीचे की रखवाली करेंगे। मैं तो बाग़-बग़ीचा भी देख आया हूं।"

"तू बाग़-बग़ीचा देख आया, मुझे क्यों नहीं बताया?" माया ने उलाहना भरा।

"अब हर बात के लिए तुझे साथ लेता रहूं?" जोगिंदर ने अंगोछे से मुंह पोंछा और तंबाकू की पीक निगलता बोला, "बाबूजी ने बहुत बड़ा फ़ार्म हाउस बनवाया है। अब अगले महीने वहीं काम करना है। बाबूजी ने यह भी बोला है, काम अच्छी तरह से किया, तो यहीं पर परमानेंट कर देंगे। छह महीने बाद पगार भी बढ़ा देंगे और रहने को पक्की छत वाला एक कमरा भी बनवा देंगे।" माया को तो यक़ीन ही न आया। बोली, "एक बार पहले भी बाबूजी ने बाग़-बग़ीचे में काम दिया था, तब पाली तीन बरस का था।" एकाएक माया का चेहरा खिल-सा आया। हंसते हुई बोली, "पाली के बचपन के साल तो वहीं निकले थे।"

"याद है कैसे भाग-भागकर तितलियां पकड़ा करता था।"

जोगिंदर भी मुस्कुरा दिया, "हां, याद है मुझे। पर तुझे यह भी याद है, हर रोज़ वह दो-चार तितलियां अपनी स्कूल की कॉपी-किताबों के बीच दबा दिया करता था।"

"मैं कैसे भूल सकती हूँ।" माया उदास होती बोली, "उसकी मैडम ने ही बताया था। मुई कहती थी, तुम्हारा बेटा बड़ा होकर 'क्रिमिनल' बनेगा। उस वक्त मुझे इस शब्द का क्या पता था। मैंने सोचा, कोई अच्छी बात कह रही होगी, लेकिन जब बाद में पाली ने इसका मतलब बताया तो मैंने उसे चांटा लगा दिया था। अरे, पहले बताया होता, तो मैं उस मुई का मुंह नोच लेती।"

"हां!"जोगिंदर भी आक्रोश से भर आया था। मुट्ठियां भींचता बोला, "तभी तो हमने पाली को उस स्कूल से निकाल लिया था। अब देख, सरकारी स्कूल में ही सही, पास तो होता चला आया है। बुरा समय तो बीत गया। छह महीने बाद पाली दस पास कर लेगा, और बाबूजी के बग़ीचे में हमारी नौकरी भी पक्की हो जाएगी।" जोगिंदर की बात पर माया ने चेहरा आसमान की ओर उठाते हुए दोनों हाथ जोड़ दिए, और मन ही मन ईश्वर का धन्यवाद करने लगी।

इस नई जगह पर माया की आंखें तो फटी-सी रह गईं। इतना बड़ा फ़ार्महाउस, ढेर सारे पेड़-पौधे तो पहले से भले लग रहे हैं। अब उसे क्या करना है, माया सोचने लगी। जोगिंदर ने उसका चेहरा पढ़ लिया। बोला, "हरी घास भी तभी अच्छी लगे, अगर वह मखमल जैसी हो। मैं घास में पानी लगाने जा रहा हूं, तू तब तक झाड़ू से सूखे पत्ते बुहार ले। सूरज को कहीं भी छोड़ दे, भागता-फिरता रहेगा। यहां किसी बात का डर नहीं, इतना बड़ा तो मैदान है।"माया की समझ में कुछ-कुछ आने लगा था। जोगिंदर ने बताया था कि बाबूजी दिन में दो-तीन बार आ सकते हैं। हमें काम करते देख ख़ुश हो जाएंगे। जोगिंदर की बात तो सच्ची है, माया ने सोचा, इतनी बड़ी जगह है, कहीं न कहीं तो वह बुहारती रहेगी। बाक़ी आगे का तो बाबूजी आकर बताएंगे ही। सूरज का तो ख़ूब मन लग रहा बस, इधर-उधर दौड़ता रहा और आखिर में माया के पास आकर बोला, "मैं कुछ लाया हूँ....दिखाऊं क्या?"

"क्या लाया है, दिखा तो।" माया तो कभी सोच ही न पाती कि वह क्या लाया है। सूरज ने मुट्ठी खोली तो माया अवाक, "हे राम! तू भी तितली पकड़कर ले आया। अरे, क्या ज़रूरत थी। देख तो, बेचारी कैसे तड़प रही है।" माया ने झट से तितली को अपने हाथों में लिया और गुलाब के बड़े से फूल के ऊपर रख दिया। सूरज की हथेली अपने दुपट्टे से पोंछती बोली, "तितलियां देखने के लिए होती हैं। पकड़ने के लिए नहीं।"

अब तक जोगिंदर पास आ गया था। माया की पीठ पीछे खड़ा सारा तमाशा देख रहा था। तपाक से माया के सामने आकर खड़ा हो गया और कमर पर दोनों हाथ रखता बोला, "कैसी बात करती है री तू! तितलियां पकड़ने के लिए ही होती हैं। वो तो हमारे हाथ आ नहीं पातीं, इसलिए हम ऐसा कह देते हैं।"

"बस-बस, बाप-बेटे मिलकर तितलियां पकड़ते रहो।" पाली स्कूल से आ गया था। जोगिंदर ने उसे समझा दिया था कि स्कूल के बाद सीधे बाबूजी के फार्म हाउस में आ जाएगा।

माया नाराज़ होती बोली थी, "बच्चा है, इतनी दूर अकेले कैसे पहुंचेगा।"

"अरे, अब यह बच्चा नहीं रहा। मैंने इसे दो बार रीगल सिनेमा में घुसते देखा है। स्कूल के बाद दोस्तों के साथ वहां नई फिल्म के पोस्टर देखने जाता है।"

पाली झेंप-सा गया। कैसे उसके बाप ने उसकी चोरी पकड़ ली। रीगल तक का रास्ता तो उसे पता था, आगे का रास्ता जोगिंदर ने समझा दिया।

> पाली अवाक रह गया। सिर से पांव तक कांप गया। बड़ा आदमी बनने के लिए वह तितलियां पकड़ने का बहाना कर लोगों से लूटमार किया करता है। आज के घने कोहरे में कहीं बापू की गर्दन पर उसकी उंगलियों के निशान तो नहीं पड़ गए?

जोगिंदर उसे समझा रहा था और पाली मन ही मन मुस्कुरा रहा था।

"देख रे, कितना सुंदर फार्म हाउस।" जोगिंदर अपनी ख़ुशी ज़ाहिर कर पाली को भी ख़ुश देखना चाहता था। पाली ने तो सीधे से मुंह बिचका दिया, "यह कौनसा अपना है।"

"अरे, कैसी बात करता है तू। ऐसी चीज़ तो बड़े लोगों की होती हैं। हम बड़े लोग नहीं है रे।" जोगिंदर बुझी आंखों से पाली के चेहरे की ओर देखने लगा तो पाली एकाएक बोल उठा, "मैं तुम्हें बड़ा आदमी बनकर दिखाऊंगा।" कहते हुए पाली वहां से भाग गया और सूरज के साथ-साथ वह भी तितलियों के पीछे दौड़ने लगा। माया तो उसे यूं दौड़ते देखा हंस-हंसकर पागल-सी हो आई, "इतना बड़ा हो गया यह, तितलियां पकड़ने से बाज़ नहीं आया।"

दिन, सप्ताह, महीने गुज़र गए। इधर पाली के इम्तिहान ख़त्म हुए, उधर बाबूजी ने जोगिंदर की पक्की नौकरी का एलान कर दिया। पगार भी बढ़ा दिया और अगले छह महीने के अंदर उनके लिए पक्की छत बनवा देने का भी वादा किया। जोगिंदर और माया ख़ुशी से फूले नहीं समा रहे थे। शाम को जोगिंदर और माया सामान समेट रहे थे तो बाबूजी आ गए। जोगिंदर कुछ अदब से खड़ा हो गया तो बाबूजी बोले, "तुम जा रहे हो क्या?""हां साहब, पांच बज रहे हैं, कोई हुकुम हो तो कहिएगा।" बाबूजी माया की ओर देखते बोले, "शाम को मेरे कुछ मेहमान आ रहे हैं। जोगिंदर थोड़ी देर रुक जाएगा, तुम अकेली जा सकती हो।" "कोई दिक्क़त नहीं साब।" जोगिंदर और माया के मुंह से एकसाथ ये शब्द निकले तो बाबूजी मुस्कुरा दिए। माया के चलते-चलते जोगिंदर ने उसे पचास का नोट पकड़ा बच्चों के लिए कुछ मीठा लेती जाने को कहा। "मैं तो रोटी-पानी ख़ाकर ही आऊंगा। तुम बच्चों को खिला देना, ख़ुद भी खा लेना।" जोगिंदर की जुबान से क्या-क्या शब्द फूट रहे थे, माया मन ही मन फूली न समा रही थी।

माया घर पहुंची तो पाली बाहर को निकल रहा था। उसे रोकती हुई माया बोली, "तू कहां जा रहा है रे?""मैं!" पाली की जुबान लड़खड़ा-सी आई, "मैं तितलियां पकड़ने जा रहा हूँ।"

"इस वक्त कौनसी तितलियां उड़ती हैं रे?"

"आजकल तो तितलियां रात में भी उड़ती हैं, मां।" पाली कहता हुआ भाग गया। माया देर तक हंसती रही, कैसा बावला हो गया है। कहता है, आजकल रात को भी तितलियां उड़ती हैं।

माया रसोई में आकर दाल-भात बनाने लगी। दाल-भात बनाने में कौन-सी देर लगी। एक घंटे में सारा भोजन तैयार। पाली आ जाए तो उसे गरमा-गरम परोस देगी। बाद में मिठाई का डिब्बा खोलेगी। देखो, कैसे उछल पड़ेगा।

जोगिंदर पगार भी लाएगा, और बाबूजी कह रहे थे, कुछ बड़े-बड़े लोग आ रहे हैं। फिर तो बख़्शीश भी अच्छी मिल जाएगी। नौ बज रहे हैं। पाली अभी तक न आया। बाहर ठंड और कोहरा भी ख़ूब पड़ने लगा है। कहीं बीमार हो गया तो जोगिंदर तो उसे ही डांटेगा। माया बार-बार दरवाज़े की ओर जा रही थी। लो, पाली आ गया। कुंडी तो ऐसे खड़का रहा है, जैसे तोड़ ही डालेगा। "अरे, आ रही हूं ना। क्या दरवाज़ा तोड़ने का इरादा है?"

माया ने दरवाज़ा खोला तो एक लंबी चीख़ उसके मुंह से निकल गई। चार-छह लोग जोगिंदर को पकड़े बाहर खड़े थे। जोगिंदर की गर्दन से ख़ून टपक रहा था।

कोई एक आदमी बोला, "किसी ने इसकी गर्दन पर चाकू से रेत डाला है। हम इसे अस्पताल लेकर जा रहे हैं।"

माया छाती पर दोहत्थड़ मार फूट पड़ी, "हाय राम! किसने मार डाला मेरे आदमी को?"

गली-मोहल्ला इकट्ठा हो गया था। तभी भीड़ को चीरता हुआ पाली आगे आया तो माया चिल्ला पड़ी, "अरे तू तितलियां पकड़ता फिरता है, पकड़ना है तो उसे पकड़, जिसने तेरे बापू को मार डालने की कोशिश की।"

पाली अवाक रह गया। सिर से पांव तक कांप गया। बड़ा आदमी बनने के लिए वह तितलियां पकड़ने का बहाना कर लोगों से लूटमार किया करता है। आज के घने कोहरे में कहीं बापू की गर्दन पर उसकी उंगलियों के निशान तो नहीं पड़ गए? वह भीतर की ओर भागा और जेब में रखा बटुआ निकाल देखने लगा। अरे, यह तो बापू का ही बटुआ है। पाली ने झट से पैंट की पिछली जेब से चाकू निकाला। एक पल तो मन में आया, इस चाकू को अपने सीने में उतार दे। लेकिन अगले ही पल मन ही मन खुद को गाली देता हुआ उसने चाकू दराज़ के पीछे छुपा दिया। एक बार उसने दीवार से सर पटका, फिर बाहर की ओर लपकता हुआ चिल्लाया, "मैं अस्पताल जा रहा हूं मां!"

---

कविता | पं. कमल कांत भारद्वाज

## फागुन : मेरे मन का उत्सव



*फागुन की आई कोमल बेला,*
*चारों ओर खुशियों का मेला,*
*धरती ने हरियाली ओढ़ी,*
*जैसे मुस्कराता हो कोई अकेला।*

*बगिया में पंछी झूम रहे हैं,*
*डाल-डाल गीत सुनाते हैं,*
*हवा छूकर मन के तारों को*
*अनकहे भाव जगाते हैं।*

*अबीर-गुलाल हवा में घुलकर,*
*उल्लास का रंग बिखेर गए,*
*हँसी, ठिठोली, भीगे पल—*
*जीवन के सच सिखा गए।*

*अचानक बादल घिर आए,*
*फागुन में सावन उतर आया,*
*भीगी मिट्टी, भीगा मन,*
*हर बदलाव कुछ कह गया।*

*समझ लिया मैंने इन लम्हों में—*
*सौंदर्य बस दिखता नहीं,*
*प्रकृति से जुड़कर जीना ही*
*जीवन का सच्चा अर्थ सही।*

कविता | मोनिका शर्मा

## चेहरों के भी जुदा रंग



भाषा का भी एक ककहरा होता है
पर भावों का अपना औरा होता है

चेहरों के भी खूब जुदा होते हैं रंग
कुछ चेहरों का रंग सुनहरा होता है

कुछ पानी के भीतर गहरे दिखते हैं
कुछ के भीतर पानी गहरा होता है

कुछ के पैरों में भी घुंघरू बजते हैं
कुछ घुंघरूओं पर पहरा होता है

कुर्सी वाले तख़्त ओ ताज ले जाते हैं
कब मेहनत के सर पर सेहरा होता है

नदिया के भीतर भी नदिया बहती है
सहरा के भीतर इक सहरा होता है

कहीं बेटी कुल की लाज निभाती है
कहीं बेटा कुल का ज़हरा होता है

कुछ आँखों का पानी भी मर जाता है
कुछ आँखों का पानी ठहरा होता है।

कविता | वीणा अग्रवाल

## ऋतुराज बसंत



चेहरे पर उल्लास हर्ष जन मन में छाया है
ऋतुओं का सरताज बसंत का मौसम आया है

सर्दी में जो ठिठुर रहे थे झोंपड़ पट्टी वाले
राम ही जाने ये निष्ठुर दिन कैसे रोज निकाले
फूल से कोमल बच्चों को अब आनंद आया है
ऋतुओं का ...

रंग बिरंगे पुष्पों की खुशबू से महकी क्यारी
जीव जंतु वन उपवन में अब सब पर चढ़ी खुमारी
सूरज दादा छिपा था जो अब सामने आया है
ऋतुओं का सरताज ...

पीली पीली सरसों अपनी मादकता बिखराए
हरित आम के पेड़ों पर कोयलिया गीत सुनाए
भ्रमर और तितली ने अपना राग सुनाया है
ऋतुओं का सरताज ...

ना गर्मी ना सर्दी,खुश होते है सब नर नारी
धरती मां खिल उठी,आज वह भूली पीड़ा सारी
धरती से अंबर तक कण कण मुसकाया है
ऋतुओं का सरताज ...

चेहरे पर उल्लास हर्ष जन मन में छाया है
ऋतुओं का सरताज बसंत का मौसम आया है।

---

# सफलता पाने का शॉर्टकट...यस सर !

*ज्यादातर लोग समझ ही नहीं पाते कि एक सामान्य 'नो सर' उनके करियर को असामान्य रूप से प्रभावित कर सकता है। उन्हें ये कला सीखने की ज़रूरत है कि किसी आदेश को मना 'यस सर' कह कर भी किया जा सकता है। यस सर कल का पैदा हुआ कोई नया जुमला नहीं है।*



> कल्पना कीजिए कोई बॉस किसी मीटिंग में कहता हो कि सफ़ेद कौआ होता है और उसका अधीनस्थ समर्थन में यस सर बोल दे। अधीनस्थ का क्या नुकसान हुआ? मगर उस बॉस की ख़ुशी का अंदाज़ा कोई नहीं लगा सकता। बॉस के झूठ का समर्थन कर उसने भविष्य की कितनी ही छुट्टियां आज ही अप्रूव करवा लीं, हाजिरी लगा के घूमने जाने की अनेक अनुमति प्राप्त कर लीं। ऐसे अधीनस्थ अपने बॉस को न केवल अपने सगे-संबंधियों से ज्यादा प्रिय होते हैं, बल्कि कुछ मामलों में प्रातः स्मरणीय भी हो जाते हैं।



व्यंग्य

**विनीत पांडेय**

यस सर ..! यह सिर्फ दो शब्दों की स्वीकारोक्ति नहीं है, यह मंत्र है । मंत्र क्या महामंत्र है, आप इस मंत्र की शक्ति का अंदाज़ा भी नहीं लगा सकते । इसका प्रयोग सुपर बैड होते हुए भी आपको अपने बॉस के गुड बुक में रख सकता है। अव्वल दर्जे के कामचोर को भी सर्वाधिक काम का आदमी साबित कर सकता है। नौकरी हो या बिजनेस, जिसे ये बात समझ आ गयी कि उसका बॉस असंभव काम के निर्देश पर भी 'यस सर' सुन कर रोमांचित हो उठता है, उसकी तरक्की कोई नहीं रोक सकता।

यस सर को दरअसल, अकड़ के साथ तेल का कनस्तर उलट के मालिश करने का दर्जा उसी तरह मिला हुआ है, जैसे किसी संस्था का अध्यक्ष बनने पर राज्य मंत्री का दर्जा मिल जाता है। हालांकि ये भी मिलता यस सर की ही बदौलत है । एक अनुभवी यस सर वाचक ने बताया कि यस सर जिंदगी के हां और नहीं के बीच शॉर्टकट से सीधे लक्ष्य तक पहुंचने की वो पगडण्डी है जिसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है।

ज्यादातर लोग समझ ही नहीं पाते कि एक सामान्य 'नो सर' उनके करियर को असामान्य रूप से प्रभावित कर सकता है। उन्हें ये कला सीखने की ज़रुरत है कि किसी आदेश को मना 'यस सर' कह कर भी किया जा सकता है। यस सर कल का पैदा हुआ कोई नया जुमला नहीं है। सैकड़ों साल पहले भी जी महाराज और जी हुज़ूर का अस्तित्व रहा है। अंग्रेजों के आने के बाद यस सर ने जितनी तेज़ी से अपनी जगह बनाई, उससे सिद्ध होता है कि यह दुनियाभर में इतनी ही लोकप्रियता के साथ विद्यमान रहा है। यस सर कहने वाले को हमेशा अपने वरिष्ठों के अगल-बगल रहने का विशेषाधिकार प्राप्त होता है, जिसकी वजह से अकेले में भी उसका भौकाल बना रहता है। दुनिया में यस सर जैसा दूसरा कुछ भी नहीं है, यह एक साथ सबको संतुष्ट कर देता है। कितना अद्भुत जुमला है जिसे बोलने वाला भी खुश और सुनने वाला भी जबकि वो जिस चीज़ के लिए बोला-सुना जा रहा है, वो होने वाला नहीं है, ये बात दोनों जानते हैं। बॉस को पता होता है कि कौन सा यस सर हामी है और कौन सा अस्वीकृति, पर सुनना उसे यस सर ही होता है।

कारण भी स्पष्ट है, बॉस अपने तब के बॉस को यस सर कह कर बॉस बना है और अब के बॉस को यस सर कह कर बॉस बना हुआ है। कर्णप्रिय होना इस जुमले की असली ताकत है, इसका लगातार प्रयोग बॉस को हमेशा सही होने के भ्रम में बनाए रखता है। यस सर कहने वाले तो रिटायर हो जाते हैं पर यस सर रिटायर नहीं होता। ये वो विरासत है जिसे आने वाला समझदार व्यक्ति जाने वाले अनुभवी व्यक्ति से ग्रहण करता है और इसका सुख भोगता है। जग के सकल पदार्थ भले कर्महीन नर को प्राप्त नहीं होते पर आराम से जीवन व्यतीत करने के लिए आवश्यक वातावरण यस सर कहने वाला प्राप्त कर लेता है। इस महामंत्र का जाप करने वाला नौकरशाही के नुकीले दांतों के बीच जीभ की तरह रसास्वादन करने में सिद्ध हो जाता है। यस सर की घिसावट में प्रवीण व्यक्ति के लिए, सिस्टम अलादीन के चिराग से कम नहीं। वो इसे घिस कर ऑफिस में फाइलों पर कलम घिसने वाले अपने समकक्षों से उड़ने वाली कालीन पर बैठ कर आगे निकल जाता है।

कल्पना कीजिए कोई बॉस किसी मीटिंग में कहता हो कि सफ़ेद कौआ होता है और उसका अधीनस्थ समर्थन में यस सर बोल दे। अधीनस्थ का क्या नुकसान हुआ? मगर उस बॉस की ख़ुशी का अंदाज़ा कोई नहीं लगा सकता। बॉस के झूठ का समर्थन कर उसने भविष्य की कितनी ही छुट्टियां आज ही अप्रूव करवा लीं, हाजिरी लगा के घूमने जाने की अनेक अनुमति प्राप्त कर लीं। ऐसे अधीनस्थ अपने बॉस को न केवल अपने सगे संबंधियों से ज्यादा प्रिय होते हैं बल्कि कुछ मामलों में प्रातः स्मरणीय भी हो जाते हैं। सुबह-सुबह देश दुनिया की ख़बरों से ले कर ऑफिस के कामकाज तक के लिए पहला फोन ऐसे ही अधीनस्थों के पास जाता है। इसमें कोई बुराई नहीं, नौकरी में बॉस के झूठ का विरोध कर टारगेट पर आने की बजाए समर्थन कर लाभ हासिल करना ही असली आर्ट ऑफ़ लिविंग है। यदि एक यस सर कह कर आपके चेहरे पर मुस्कराहट बनी रह सकती है, बिना किसी योग-दवाई के आपका चित्त प्रसन्न रह सकता है तो खामखा उसूलों की निंद्रा भंग क्यों करना। बात अगर वाकई उसूलों पे आंच आए तो टकराना ज़रूरी है, टाइप हो जाए तो मिठाई की कीमत बढ़ाने वाले वर्क की तरह, इस सार्वभौमिक उसूल की परत मूल उसूल पर चढ़ा देनी चाहिए कि जिसकी खाओ, उसकी गाओ। सही गलत के लफड़े में उलझना ही क्यों? यस सर बोलो और छुट्टी पाओ ।

---

# हो डगर कितनी भी कठिन, हार मत स्वीकार कर...



**पुस्तक : हार मत स्वीकार कर**
**कवि : अश्वनी कुमार**
**मूल्य : 199 रुपये**
**प्रकाशक : कनुप्रिया पब्लिशर्स, दिल्ली**



पुस्तक समीक्षा | **डॉ. विजेंद्र कुमार**

बहुमुखी प्रतिभा के धनी, मृदुभाषी कवि अश्वनी कुमार की काव्य कृति 'हार मत स्वीकार कर' में 92 गीतिकाएं संगृहीत हैं। यह काव्य कृति भारतीय संस्कृति के शाश्वत एवं उज्ज्वल उद्घोष का शंखनाद प्रतीत होती है कि अपनी शब्द तूलिका से कवि विविध रंगी बिंब विधानों का सृजन करता है। कृति में परमात्मा के प्रति अटूट आस्था, माता-पिता का समादर, सहअस्तित्व एवं सदाचार, करुणा, प्रेम, दया आदि उदात्त भावों को मानव-जीवन का असली लक्ष्य प्रतिपादित किया गया है। व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के उत्थान का दर्द उनकी रचनाधर्मिता के केन्द्र में है। माता-पिता को समर्पित एक गीतिका में कवि कहता है;

*जीवन सृजन करते भले, भगवान हो लेकिन/*
*लेता तुम्हारी कोख में आकार है अम्मा!*

पिता के महत्व को कवि इस प्रकार रेखांकित करता है :

*उठाते थे अकेले बोझ, वो परिवार का अपने।*
*नहीं अपना सलीके से, उठा सामान पाए हम।।*

जीवन के कटुयथार्थ तथा आपादाओं से निरन्तर संघर्ष करते रहना ही मानव का धर्म है, उसे संकट या विपत्ति से कभी भी हार नहीं माननी चाहिए :-

*मुश्किलों के साधने का नाम ही है जिंदगी।*
*डर गया जो देख के हालात, वो इंसान क्या?*

जीवन में सकारात्मकता और विश्वास के महत्त्व का प्रतिपादन करते हुए वे असफलता व निराशा का जीवन में त्याग करने का अह्वान करते हुए कहते है:-

*रात बीती को भूला अब भोर से तू प्यार कर।*
*कर नई शुरूआत प्यारे, हार मत स्वीकार कर।।*

आपसी प्रेम व भाईचारे की सघन हरियाली से सरोबार गांव की बदली हुई दशा से कवि दुखी है। जिस तरह गांवों में भी छल, कपट व द्वेष फैल गए हैं, उसी तरह गांवों में वृक्षों की कटाई भी पर्यावरणीय असंतुलन का कारण है :-

*सुख घना था, नीम की जो ठांव में।*
*अब नहीं मिलता मजा वह गांव में।।*
*दरक गई है आज हवेली, कड़ियां छत की टूट रही।*
*संबंधों की नींव समाई, रार कपट-चतुराई में।।*

प्रेम और सद्भाव ही मानव सभ्यता का सार तत्व है। मानव सभ्यता जितनी इन दोनों से दूर होती जायेगी उतनी ही वह विनाश और पतन के करीब होती चली जायेगी। इसीलिए कवि आह्वान करता है :-

*बांसुरी जिसकी जगाए, प्रेम मन में आस्था।*
*पूज्य वो रसखान सा, चितचोर ढूंढों साथियों।।*

अश्वनी की भाषा सहज, स्वाभाविक और लखनऊ का मिठास लिए है। सीधे दिल को छूने वाली इन कविताओं में कहीं पांडित्य प्रदर्शन की लालसा नहीं है। अभिव्यक्ति की सहजता, कथ्य की ईमानदारी और मानवतावादी दृष्टिकोण इस कृति के विशेष आकर्षण है। हमारी युवा पीढ़ी की प्रेरणा के लिए यह एक सफल कृति सिद्ध होगी। इस सार्थक कृति के लिए कवि अश्वनी कुमार को साधुवाद।

## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन के लिए 6 दिन शेष

**नारनौल।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 के लिए अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और विमुक्त जातियों के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की आवेदन प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। इस योजना के तहत अब तक अनुसूचित जाति के 549 व ओबीसी के 961 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति की अनुशंसा की गई है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया है कि अब आवेदन के लिए बहुत कम समय बचा है और 28 फरवरी इसके लिए अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि पूरी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से इस योजना को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर स्थानांतरित किया गया है। जहां सभी पात्र विद्यार्थियों को नए सिरे से अपना पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

### अटेली क्षेत्र के गांवों में हुई प्रतिभा खोज परीक्षा

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव मोहनपुर, कटकई, गुजरवास, भोड़ी एवं कलवाड़ी की ओर से रविवार को प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की छुपी प्रतिभा को पहचानना और उन्हें सही दिशा प्रदान करना रहा। विद्यालय प्रबंधक अनिल प्रधान ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष क्षमता होती है, जिसे उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर निखारा जा सकता है। कार्यक्रम संयोजक संदीप कुमार ने बताया कि रविवार को गांव मोहनपुर, कटकई, गुजरवास तथा भोड़ी में प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में चयनित बच्चों को कक्षावार आगामी 29 मार्च को विद्यालय में आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव में सम्मानित किया जाएगा।

### सिसोठ में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

**महेंद्रगढ़।** माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। संयोजक वेदप्रकाश आर्य ने बताया कि विराट हिंदू सम्मेलन सिसोठ को सफल बनाने के लिए हिंदू एकता के प्रचारक डॉ. नीरज कर्ण ने सतबीर माजरा कलां, अमित पालडी, पवन लावन, चरण सिंह भगडाना, मंदिर कमेटी प्रधान संदीप यादव, सचिव मा. अनिल सिसोठिया, परमजीत, रजनीश, ललित यादव, आनंद राजन, शिव कुमार, श्रीपाल उर्फ पप्पू, सूबे सिंह, जॉनी ने अपना सहयोग दिया।

### भारत मंडपम में गूंजी प्रवक्ता सचिन कुमार की आवाज

**कनीना।** कनीना निवासी भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता सचिन कुमार को नई दिल्ली में आयोजित आरोग्य उत्सव एवं एक्सपो 2026 के भव्य उद्घाटन समारोह में मंच संचालन हेतु नामित किया जाना समूचे शिक्षा विभाग व क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। विश्वविख्यात सम्मेलन केंद्र भारत मंडपम में आयोजित इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देश विदेश की विशिष्ट हस्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं रेल मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. अरुण कुमार, डॉ. विपिन कुमार प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, डॉ. शिष्ठा नड्डा अध्यक्षा इंटरनेशनल हेल्थ काउंसिल, भारतीय योग संस्थान के अध्यक्ष देशराज गुप्ता उपस्थित रहे।

---

**प्रशासनिक उदासीनता : शिकायतों के बावजूद नहीं हो रही कोई सुनवाई**

# सुविधाओं के बीच बेबसी, मंडी में बंद पड़ा है महिला शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली





मंडी अटेली। अटेली अनाज मंडी में महिला शौचालय पर लगा ताला व अनाज मंडी के मुख्य द्वार के सामने पड़ा कूड़े का ढेर। फोटो : हरिभूमि

जिले की प्रमुख कृषि मंडियों में शुमार अटेली अनाज मंडी इन दिनों अव्यवस्थाओं से घिरी हुई है। यहां महिलाओं और पुरुषों के लिए सुलभ शौचालय का निर्माण तो किया गया था, लेकिन विडंबना यह है कि महिला शौचालय पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा है। परिणामस्वरूप मंडी में आने वाली महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिला शौचालय के मुख्य द्वार पर ताला लटका हुआ है। लंबे समय से बंद पड़े रहने के कारण दरवाजा जर्जर हो चुका है और उसमें दीमक तक लग चुकी है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है, बल्कि महिलाओं की बुनियादी जरूरतों की अनदेखी भी उजागर करती है।

मंडी क्षेत्र में कामकाज या खरीद-फरोख्त के सिलसिले में आने वाली महिलाओं को मजबूरी में खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है, जो उनके सम्मान और सुरक्षा दोनों के लिए चिंता का विषय है। मंडी से लौट रही कई महिलाओं ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि शौचालय बंद होने से उन्हें अत्यधिक दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। कई बार घंटों इंतजार करना पड़ता है या फिर आसपास असुविधाजनक स्थानों का सहारा लेना पड़ता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। अटेली अनाज मंडी में करीब 240 दुकानें संचालित हैं, जहां रोजाना सैकड़ों किसान व्यापारी और महिलाएं पहुंचती हैं। आगामी गेहूं और सरसों के सीजन को देखते हुए मंडी में आवाजाही और भी बढ़ने वाली है, लेकिन व्यवस्थाओं का हाल चिंताजनक बना हुआ है। मंडी के मुख्य द्वार के पास ही कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जबकि दीवारों पर साफ-साफ लिखा है कि यहां कूड़ा डालना मना है। यह दृश्य व्यवस्था और हकीकत के बीच के अंतर को साफ दर्शाता है। सिर्फ शौचालय ही नहीं, मंडी परिसर की सड़कों पर भी जगह-जगह कूड़ा फैला हुआ है। किसानों का कहना है कि फसल सीजन के दौरान मंडी में सफाई, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से चल सके। मुख्य द्वार पर 'नो पार्किंग' का पेंटिंग किया गया है, लेकिन वही स्थान वाहनों की पार्किंग में तब्दील हो चुका है। यह सब कुछ संबंधित अधिकारियों की जानकारी में होने के बावजूद कार्रवाई का अभाव कई सवाल खड़े करता है। किसानों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि महिला शौचालय को तुरंत खोला जाए। उसकी मरम्मत कराई जाए और मंडी में साफ-सफाई व अन्य मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त की जाएं, ताकि महिलाओं सहित सभी आगंतुकों को सम्मान जनक और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

**यह बोली सचिव**

इस बारे में मार्केट कमेटी की सचिव सुनीता फोगाट से बात की तो उन्होंने बताया कि अभी फिलहाल मंडी में महिलाओं का आवागम नहीं होता है। अटेली के मुख्य द्वार पर जो गाड़ी पार्किंग करते हैं, उसके बारे में हमने अटेली पुलिस को लिखा हुआ है कि उनका चालान करें। मुख्य द्वार पर जो कूड़ा डालते हैं, उसके लिए भी हमने नगर पालिका को लिखा हुआ है। यह कूड़ा अनाज मंडी का नहीं है, जबकि बाहर दुकान वाले मुख्य द्वार के समीप डाल देते हैं।

---



नारनौल। बलिदान दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

## धौलेड़ा में मनाया अहीर वीरों का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव धौलेड़ा में रविवार को अहीर रेजिमेंट संघर्ष समिति की ओर से करनाल शौर्य दिवस की स्मृति में परम बलिदानी राव बालकिशन सिंह और उनके रणबांकुरे अहीर वीरों के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों तथा विभिन्न गांवों से आए समाज के लोगों ने भाग लेकर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। संघर्ष समिति के सदस्य राव अजीत सिंह ने कहा कि वर्ष 1739 में वीर भूमि अहीरवाल के लगभग 5000 योद्धा राव बालकिशन सिंह के नेतृत्व में मातृभूमि की रक्षा करते हुए बलिदान हुए थे। उनके त्याग और शौर्य को याद रखने के लिए हर वर्ष अहीरवाल के अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार गांव धौलेड़ा की सरदारी द्वारा आयोजन किया गया, जिसमें तीन मुख्य विषयों पर चर्चा हुई करनाल युद्ध के शौर्य को स्मरण कर वीरों को श्रद्धांजलि देना, गुणावल खाप के गठन के लिए पंचायत तथा अहीर रेजिमेंट के समर्थन में जन-जागरण अभियान किया। उन्होंने कहा कि खापें समाज की रीढ़ होती हैं और सामाजिक समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यदि पंचायत और सरदारी प्रेमपूर्वक बैठकर निर्णय लें तो समाज की अधिकांश समस्याओं का समाधान संभव है। उन्हें उम्मीद है कि अहीर रेजिमेंट की मांग को आगे बढ़ाने में भी खापों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। कार्यक्रम में सामाजिक सुधारों को लेकर भी कई निर्णय लिए गए।

**आम समाज का बढ़ेगा समर्थन**

रिटायर्ड जज राकेश यादव ने कहा कि खाप गठन का निर्णय अहीर रेजिमेंट आंदोलन को मजबूत करेगा और इससे आम समाज का समर्थन बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अहीर समुदाय का इतिहास वीरता और संघर्ष से भरा रहा है तथा अहीर रेजिमेंट की मांग उनका अधिकार है। कार्यक्रम का समापन वीरों को श्रद्धांजलि, समाजिक एकता के संकल्प और जयघोष के साथ हुआ।

---

## यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**सुभाष स्टेडियम में युवाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। यातायात नियमों के बारे में जागरूक करती निरीक्षक मंजूषा।

सुभाष स्टेडियम में महिला पुलिस थाना टीम ने क्षेत्र के युवाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी का सही मार्गदर्शन करना, नशे के दुष्प्रभावों व सड़क दुर्घटनाओं के प्रति सतर्क कर एक जिम्मेदार नागरिक बनाना था। कार्यक्रम के दौरान महिला थाना पुलिस टीम ने सुभाष स्टेडियम में मौजूद युवाओं से सीधा संवाद किया। निरीक्षक मंजूषा ने युवाओं को नशे जैसी भयानक बुराई से दूर रहने की सख्त हिदायत दी और समझाया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि उसके पूरे परिवार व उज्ज्वल भविष्य को भी अंधकार में धकेल देता है। युवाओं को प्रेरित किया गया कि वे अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएं और खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लें। पुलिस ने बताया कि नियमित रूप से खेलकूद से जुड़ने से न सिर्फ शरीर स्वस्थ व चुस्त दुरुस्त रहता है, बल्कि जीवन में अनुशासन भी आता है, जो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बेहद जरूरी है। इसके अतिरिक्त उपस्थित युवाओं को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करने, तेज गति से वाहन न चलाने, स्टंट न करने और यातायात के सभी संकेतों का पालन करने पर विशेष जोर दिया। युवाओं को यह समझाया गया कि उनकी एक छोटी सी लापरवाही किसी के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है, इसलिए यातायात नियमों का पालन करना स्वयं की व दूसरों की सुरक्षा के लिए सर्वोपरि है।

### रोड सेफ्टी नियमों की जानकारी दी

**नारनौल।** कुलताजपुर रोड स्थित निजी स्कूल में रोड सेफ्टी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी नियमों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें सड़क पर चलते समय जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों ने सुरक्षित राइडिंग मार्गदर्शन, खतरा पूर्वानुमान प्रशिक्षण एवं खेल क्विज सत्र में भाग लिया। यह कार्यक्रम होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की ओर से आयोजित किया गया था। आयोजकों ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता एचएमएसआई की देशभर में सुरक्षा शिक्षा को बढ़ावा देने की व्यापक रणनीति का एक अहम हिस्सा है। स्कूलों, कॉलेजों और विभिन्न संस्थानों के साथ सामुदायिक स्तर की गतिविधियों के माध्यम से सुरक्षित राइडिंग और ड्राइविंग व्यवहार को प्रोत्साहित करने वाली पहलों का लगातार समर्थन करती है।

## अटेली में सुना प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात का 131वां एपिसोड

- प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



मंडी अटेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम सुनते हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 131वां एपिसोड का लाइव कार्यक्रम अटेली अनाज मंडी में ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ संख्या 176 पर स्थित अपने आवास पर ध्यानपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को अटेली क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सुना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में लगी ब्रिटिश मूर्तियों के बारे में बात की। उन्होंने डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों और उनसे बचाव के तरीकों पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में हुई एआई समिट में दुनियाभर से लोग शामिल हुए। उन्होंने एआई के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं को बेहद करीब से देखा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि विदेश से आए मेहमान यह देखकर हैरान रह गए कि कैसे एआई की मदद से हम प्राचीन ग्रंथों और प्राचीन इतिहास को संरक्षित कर रहे हैं। इस मौके पर ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस कार्यक्रम में बहुत जानकारी मिलती है। देश में अनेक प्रतिभाएं छुपी हुई हैं, जिनको प्रधानमंत्री मोदी मन की बात के माध्यम से पूरे देश के लोगों के सामने रखा है। इस मौके पर महामंत्री इंद्रजीत यादव, प्रवीण कुमार, प्रमोद कुमार, नरेंद्र यादव संदीप के अलावा अन्य मौजूद थे।

---

## कल से एक मार्च तक सजेगा लोक कला विरासत उत्सव

**महेंद्रगढ़।** उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में यदुवंशी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के परीक्षा गृह में 23 फरवरी से एक मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे लोक कला विरासत उत्सव का आयोजन किया जाएगा। देश के विभिन्न राज्यों से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। उत्सव का शुभारंभ यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह करेंगे। केंद्र के निदेशक सुरेश शर्मा, कोऑर्डिनेटर अनिल कौशिक, उपनिदेशक डॉ. मुकेश उपाध्याय आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में गायन, लोकनृत्य, नाटक, कवि सम्मेलन, शास्त्रीय नृत्य और वाद्य यंत्रों की विविध प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी।

**कार्यक्रम की रूपरेखा**

23 फरवरी को पंडित प्रशांत व निशांत मलिक द्वारा धुपद गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। 24 फरवरी को प्रयागराज की स्वर्ग रंगमंडल द्वारा राजकुमार श्रीवास्तव लिखित एवं अतुल यदुवंशी निर्देशित नाटक बहुरूपिया का मंचन होगा। 25 फरवरी को हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व मध्य प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकारों द्वारा लोकनृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। 26 फरवरी को मशहूर कव्वाल सलीम साबरी अपनी प्रस्तुति देंगे। 27 फरवरी को व्यूरियो रंगमंच जयपुर द्वारा पद्मश्री नरेंद्र कोहली लिखित नाटक फ्लर्ट का मंचन किया जाएगा। 28 फरवरी को विशाल कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें देश के चुनिंदा कवि हास्य, ओज व समसामयिक रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

## किस से करूं मैं मां की तुलना...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। माता की चौकी में यजमान को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

टाईगर क्लब परिवार के तत्वावधान में शनिवार रात को माता रानी की चौकी कुलदीप सैनी के निवास स्थान पर मोहल्ला सुभाष नगर में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता टाईगर क्लब परिवार के सह सचिव प्रमोद सैनी, प्रधान राकेश यादव, नवीन वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से की। माता रानी की चौकी के मुख्य यजमान कुलदीप सैनी सपत्नीक रहे। कार्यक्रम संयोजक नवीन वशिष्ठ, प्रवीण यादव, कुलदीप सैनी, सुनील शर्मा, श्रीचंद सैनी ने बताया कि माता की चौकी में सर्वप्रथम कार्यक्रम पुरोहित पंडित नारायण शास्त्री ने विधिवत पूजन करवाया। गणेश वंदना गायकार धारू व माता का आह्वान गायकर नवीन वशिष्ठ ने परमानंद वर्मा ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, मैं परदेशी हूं पहली बार आया हूं, विकास जांगिड़ ने किस से करूं मैं मां की तुलना मां से बड़ा ना कोई, भवानी सैनी ने तू कितनी अच्छी है तू कितनी प्यारी प्यारी है, भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तजनों को भाव विभोर कर दिया। क्लब परिवार के कार्यक्रम संयोजक नवीन वशिष्ठ, प्रमोद सैनी, सुनील शर्मा, प्रवीण यादव, श्रीचंद सैनी, ललित सैनी ने कुलदीप सैनी व संपूर्ण परिवार को माता रानी का स्मृति चिह्न भेंट किया। मंच संचालन नवीन वशिष्ठ ने किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी भक्तजनों ने मिलकर आरती की। इस मौके पर कुलदीप सैनी, प्रमोद सैनी, नारायण शास्त्री, धारू, नवीन वशिष्ठ, जयप्रकाश आदि मौजूद थे।



### शहर में निकाली 182वीं प्रभातफेरी

**नारनौल।** प्रभातफेरी संगठन के तत्वावधान में रविवार को 182वीं श्रीश्याम निशान प्रभातफेरी मां चामुंडा देवी मंदिर से निकाली गई। फागुन मास के पावन अवसर पर आयोजित इस श्रीश्याम निशान प्रभात फेरी के यजमान नरेश कुमार, मनोज कुमार व प्रभातफेरी संगठन के सदस्यों ने पवित्र ज्योति प्रज्ज्वलित कर राधे राधे नाम का जाप किया। संगठन संचालक घनश्याम गर्ग ने बताया कि फागुन मास के अवसर पर श्रीश्याम निशान यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा मां चामुंडा देवी मंदिर से चलकर आजाद चौक, मानक चौक, पनीगंज, गौड़ सभा, बंसीसिंह पार्क, सिलाखाना, महता चौक, सुभाष स्टेडियम होते हुए श्रीश्याम मंदिर में श्रीश्याम प्रभु के चरणों में निशान अर्पण करने के पश्चात सम्पन्न हुई। श्रीश्याम मंदिर कमेटी चौकी नंबर 45 के प्रधान दौलतराम गर्ग व अजय ब्रिटानिया ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। परिक्रमा मार्ग में जगह जगह पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर प्रभात फेरी का फूलों की वर्षा व ठाकुर जी की आरती कर दर्शन किए। संगठन के मिडिया प्रभारी सोमदेव शर्मा ने बताया कि प्रभात फेरी संगठन की ओर से एक मार्च को निकाले जाने वाली प्रभात फेरी के मुख्य यजमान महेंद्र अग्रवाल मोहल्ला गुरुनानकपुरा परिवार होगा।

---

### कानूनी साक्षरता का मुख्य लक्ष्य लोगों को सशक्त बनाना: यादव



**नारनौल।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय खटोटी खुर्द में आयोजित किए जा रहे राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन रविवार को विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। शिविर के दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैनल अधिवक्ता गिरिबला यादव ने शिरकत की। अधिवक्ता गिरिबला यादव ने कहा कि कानूनी साक्षरता का मुख्य लक्ष्य लोगों को सशक्त बनाना, शोषण रोकना और निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कानूनी साक्षरता व जागरूकता का उद्देश्य नागरिकों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और न्याय प्रणाली एफआईआर, गिरफ्तारी के नियम, 1098, 14567 हेल्पलाइन के प्रति जागरूक किया।

### गोवंश के लिए लगाई सवामणी



**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से गोसेवा मण्डल के तत्वावधान में रविवार को अनाथ गोशाला परिसर में ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने गोवंश के लिए सवामणी लगाई। कार्यक्रम मुख्य रूप से भोपाल निवासी संतोष शर्मा मौजूद रहे। विशिष्ठ अतिथि महेश शर्मा एडवोकेट थे। कार्यक्रम संयोजक नरोत्तम सोनी व भीमसेन शर्मा ने बताया कि गोशाला में उपस्थित सैकड़ों गोवंश को हरी सब्जियां खिलाई गई। ट्रस्ट के गोसेवा प्रकल्प से प्रेरित होकर संतोष शर्मा ने घोषणा की कि वे अब नियमित रूप से जीवन भर सेवा से जुड़े रहेंगे। कार्यक्रम में निवाजनगर की पूर्व सरपंच विमला देवी, राजकुमारी शर्मा ने भी सहभागिता की।

### गुरु गोबिंद सिंह बस्ती में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित



**नारनौल।** सकल हिन्दू समाज गुरु गोबिंद सिंह बस्ती नगर के तत्वावधान में भव्य विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष डॉ. हितेंद्र मित्तल ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी सामाजिक व्यवस्था, कुटुंब प्रबोधन, पंथ समन्वय, केंद्रित पुनर्निर्माण, प्रबुद्ध नागरिक कर्तव्य व संस्कार बोध जैसे विषयों पर समाज में जागरूकता व एकता को सुदृढ़ करना रहा। गांव शेखपुरा के माता शीतला मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र से अनेक संत महात्माओं, सामाजिक व्यक्तित्वों का सानिध्य प्राप्त हुआ।

**आस्था** | **भक्तों ने जगह-जगह जल शिविर व भंडारा लगाकर सेवा की**

## जैतपुर धाम बना श्याम भक्तों की आस्था का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



मंडी अटेली। जैतपुर मंदिर में पुलिस कर्मी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अटेली खंड के गांव गिरधरपुर व राता क्षेत्र से सटे राजस्थान के प्राचीन धर्म स्थल श्याम बाबा मंदिर जैतपुर धाम में आजकल फाल्गुन माह का मेला बड़े ही जोर शोर से आयोजित किया जा रहा है। यहां हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु नंगे पैर व पेट पलनियां श्याम के जयकारों के उद्घोष के साथ बाबा के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। मंदिर के पुजारी देशराज यादव ने बताया कि अबकी बार मुख्य मेला 22 फरवरी से 28 फरवरी तक भरेगा, जिसमें देशभर से लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर मन्नत मत्था टेक मांगते हैं। वर्तमान में जैतपुर धाम ने बड़ा धाम का रूप ले लिया है। भक्तों द्वारा जगह–जगह जल शिविर व भंडारा लगाकर भक्तों की सेवा की जा रही है। मेले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए रहता है। बाबा श्याम का विशाल गेट बनवाया हुआ है, वहीं मेला में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम अपनी सेवा देती है।

**यह बोले प्रधान**

गांव के सरपंच मोहित व श्री श्याम सेवा समिति प्रधान ताराचंद यादव ने बताया कि खाटू के बाद जैतपुर धाम श्याम भक्तों के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्थान है। हर वर्ष मेले में भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले वर्ष लाखों की संख्या में भक्तों ने दर्शन किए थे, लेकिन हर बार अंदाजा लगाया जा रहा है कि पिछले से भी ज्यादा भक्तजनों ने बाबा के दर्शन किए हैं। गौरतलब की बात है प्रतिदिन श्याम बाबा का ताजा फूलों का श्रृंगार हवाई जहाज द्वार कोलकाता से आने पर होता है।

### शहर में सात स्थानों पर हिंदू सम्मेलन, हजारों लोग कार्यक्रम में शामिल

# हिंदू सम्मेलनों में दिया एकता व भाईचारे का संदेश संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन पर भी जोर दिया






रेवाड़ी। हिंदू सम्मेलन में संबोधित करते डा. आरबी यादव, सम्मेलन में राष्ट्रीय एकता की शपथ लेते हुए तथा हिंदू सम्मेलन में मौजूद समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

- कलश यात्रा, ध्वज यात्रा, बाइक रैली व हिंदू धर्म पर आधारित सांस्कृतिक कार्यकम आयोजित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रविवार को शहर में सात स्थानों पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। संत कबीर बस्ती के मुक्तिवाड़ा सामुदायिक भवन में वक्ता डा. आर बी यादव व साध्वी दीपांतर भारती, केशव बस्ती सेक्टर 4 में वक्ता विक्रांत खंडेलवाल भारत विकास परिषद व एडवोकेट मोनिका, महर्षि वाल्मीकि बगीची में वक्ता डा. पवन गोयल व प्रतिभा, राजा वाटिका में वक्ता सुरेश पाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व साध्वी कमलेश, उत्तम नगर मंदिर में वक्ता सुनील राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व डा. सुमन यादव, नेताजी सुभाष बस्ती के पुराने हिंदू स्कूल में वक्ता यशपाल धर्म जागरण व महेंद्र जैन तथा सैनी स्कूल में आयोजित सम्मेलन में वक्ता सीए यशपाल व श्रुति थे। सम्मेलनों में हजारों की संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। सम्मेलनों में हिंदू एकता को मजबूत करने और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में आरएसएस की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों और समाज में लाए गए पांच प्रमुख परिवर्तनों पर प्रकाश डाला गया।

सम्मेलनों की शुरूआत मां भारती की वंदना से की गई। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक चुनौतियों का सामना करना चाहिए। कार्यक्रमों से पूर्व कलश यात्रा, ध्वज यात्रा, बाइक रैली, भजन कीर्तन, हिंदू धर्म पर आधारित सांस्कृतिक कार्यकम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ ली।

#### समाज में लाए गए पांच प्रमुख परिवर्तनों पर प्रकाश डाला

**सम्मेलन हिंदू समाज को एकजुट करने का संदेश देता है**

डा. आरबी यादव ने कहा कि आज का सम्मेलन हिंदू समाज को एकजुट करने का संदेश देता है। वक्ताओं ने हिंदू संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन पर प्रकाश डालते हुए सभी को सज्जन शक्ति को संगठित रहते हुए, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ भारत वर्ष को परम वैभव पर ले जाने का आह्वान किया एवं पंच परिवर्तन—सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पांच परिवर्तनों को व्यवहार में अपनाकर समाज आत्मनिर्भर और सुदृढ़ बन सकता है।

#### सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ ली

**ये रहे मौजूद**

हिंदू सम्मेलन में संरक्षक अजय मित्तल, नगर संयोजक डा. आर बी यादव, यशपाल, सीए जीतेश, सीए कश्यप, योगेश त्यागी व राजकुमार सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक के सदस्य व नागरिक मौजूद थे।

**आठ कार्यक्रम बाकी**

जिला प्रचार प्रमुख योगेश त्यागी ने बताया कि जिले में कुल 86 एवं रेवाड़ी नगर में 22 कार्यक्रम होने है, जिनमें से नगर में अभी तक 14 कार्यक्रम हो चुके है और आठ कार्यक्रम बाकी है।

## बाबा मुक्तेश्वरपुरी महाराज के जन्मोत्सव पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



कोसली। सामाजिक संस्था मां-मातृभूमि सेवा समिति धारौली की ओर से राजकीय विद्यालय में बाबा मुक्तेश्वरपुरी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा पांचवी व छठी के विद्यार्थियों की 400 मीटर की दौड़ आयोजित की गई, जिसमें सोनिया ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 1200 रुपये की कापी, पेन व पेंसिल जीती, जबकि कोमेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर ईनाम जीता। कक्षा तीसरी व चौथी की 200 मीटर की दौड़ में यश ने प्रथम व दिव्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पहली व दूसरी के विद्यार्थियों की 100 मीटर की दौड़ में दक्ष ने प्रथम व मोहित ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कार हासिल किया।

## राठ स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन्स में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राठ विद्यालय के छात्रों ने एनटीए की ओर से घोषित जेईई मेन्स परिणाम में अपनी सफलता का परचम लहराया है। राठ ग्रुप डायरेक्टर शिवानी यादव ने बताया कि छात्र यश यादव ने 99.99 पर्सेंटाइल, खनिका ने 99.8, लक्ष्य ने 99.7, प्रथम यादव ने 99.4, पार्थ ने 99.2, आदित्य- ने 99.1, प्रनील ने 99.1, ईशीत ने 99, तरुण यादव ने 98.8, उमेश ने 98.4, दीपांशु ने 98.1, विनीत शर्मा ने 98.07, सागरराज ने 98.04, अंकुर ने 97.8, दक्ष ने 97.5, रोहित यादव ने 97.3, अर्चना ने 97.2, हर्ष ने 96.3, लक्ष्य ने 96.3, ध्रुव अग्रवाल ने 96.24, गौरव ने 96.2, भवी यादव ने 96, नकुल ने 96, हर्षवर्धन सोनी ने 95.7, इशांत भारद्वाज ने 95.7, सहयोग यादव ने 95.3 तथा प्रिया यादव ने 94.2 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए। 68 विद्यार्थियों ने 80 पर्सेंटाइल से ज्यादा अंक प्राप्त करके अपने माता पिता, अध्यापकों और विद्यालय का नाम रोशन किया।

## जिले में अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं: एसपी



रेवाड़ी। जिला पुलिस व स्वैत टीम ने धारूहेड़ा क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने अनेक स्थानों पर झुग्गी-झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य संदिग्ध स्थानों पर संदिग्ध लोगों की जांच की। पुलिस टीम ने वहां पर रह रहे बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्र तथा वाहनों के कागजातों की जांच की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिला पुलिस बाहरी लोगों की पहचान के लिए विशेष अभियान चला रही है और यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जिले में जो भी लोग बाहर से आकर रह रहे हैं सुरक्षा की दृष्टि से उनकी पहचान सुनिश्चित होना अत्यंत आवश्यक है।

## जीवन में योग के महत्व को रेखांकित किया

- योग से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक एकाग्रता और भावनात्मक संतुलन में मदद मिलती : डा. ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



सेक्टर-18 स्थित सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में सात दिवसीय कार्यशाला भारतीय योग परंपरा फिलासफी, प्रैक्टिस एंड हॉलिस्टिक लिविंग फोर नारी शक्ति का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का आयोजन महिला प्रकोष्ठ व योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी व कॉलजे प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने किया। डा. ज्योति ने जीवन में योग के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रतिभागियों को योग अभ्यास के लिए प्रेरित किया। योग से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक एकाग्रता और भावनात्मक संतुलन में मदद मिलती है। मुख्य वक्ता के रूप में गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. सायोनारा ने शिरकत की। उन्होंने प्रमुख पांच प्राणायामों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नाड़ी शोधन तंत्रिका तंत्र को संतुलित करता है और वायु मार्ग की प्रतिक्रियाशीलता में सुधार करता है। डा. शर्मिला यादव ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में उपप्राचार्य डा. यशपाल यादव, नरेंद्र सिंह, डा. सुनीता, डा. रजनी, डा. रेनू, डा. पूनम पूनिया, दीपिका, अनुपमा, ज्योति, प्रकृति व सरला सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## रेलवे एसोसिएशन के फ्री हेल्थ कैंप में 107 पेंशनर्स ने करवाई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

उप मंडल रेलवे हॉस्पिटल रेलवे कॉलोनी में रविवार को निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जयपुर मंडल के प्रशासन की ओर से नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवमेन की सेवानिवृत्त एसोसिएशन ऑफ रेलवे की शाखा के अनुरोध पर पेंशनर्स के लिए कैंप आयोजित किया गया। कैंप का शुभारंभ डा. आनन्द तंवर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर पश्चिम रेलवे ने किया। शाखा अध्यक्ष टी पी शर्मा और के के सक्सेना जोनल अध्यक्ष ने कार्यक्रम का संचालन किया। डा. कुलदीप हड्डी रोग विशेषज्ञ, डा. शुभम हृदय रोग विशेषज्ञ, डा. अनीता स्त्री रोग विशेषज्ञ, डा. रजनी अरोड़ा एवं बलवंत सिंह प्रबन्धक की टीम ने 107 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की तथा दवाईयां वितरित की।

**ये मौजूद रहे**

इस मौके पर सेवानिवृत्त एसोसिएशन ने मासिक मीटिंग भी आयोजित की, जिसमें कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर मदनलाल, आरपी यादव, प्रेम नेगी, विष्णु भगवान , राम जीवन, प्रेम चंद, जेपी यादव, यतेन्द्र यादव, महेन्द्र शर्मा, बनवारी लाल, शिव दयाल, सुआ प्रकाश, बदलूराम शर्मा, अत्तर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## संत निरंकारी मिशन ने चलाया सफाई अभियान

मूंदी। रविवार को नांगल मूंदी बस स्टैंड पर मुखी महात्मा धर्मपाल व साध संगत की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि बाबा हरदेव सिंह ने मानव मूल्य में जीवन जीने की कला को महत्व देते हुए पूरा जीवन मानवता को समर्पित किया और सतगुरु बाबा हरदेव सिंह ने अपने विचारों में फरमाया है कि प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों ही हानिकारक होते हैं। रविवार को निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव जन्मदिन पर सफाई अभियान चलाकर संदेश दिया गया। सफाई अभियान के बाद राकेश महात्मा मूंदी के घर पर सत्संग का आयोजन किया।

### खबर संक्षेप



## जेईई मेंस में आरकेसी ग्रुप के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

रेवाड़ी। आरकेसी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट बोहतवास अहीर के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पलकिन और मनोज ने 97.94 पर्सेंटाइल प्राप्त कर संस्थान में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। इनके अलावा चाहित ने 97.68 पर्सेंटाइल, साहिल ने 95.29, रोहित यादव ने 94.81, रिया ने 93.92, गर्वित ने 93.76, मनीष ने 93.52 तथा सिद्धार्थ ने 92.13 पर्सेंटाइल प्राप्त कर सफलता हासिल की। वहीं सोनाक्षी ने 91.90, हर्ष ने 91.4, गजेन्द्र ने 90.63 और वर्तिका ने 90 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। चेयरमैन देवेंद्र यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को आगे भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।



## यूथ स्टेट वालीबॉल चैंपियनशिप के लिए टीम सिरसा के लिए रवाना

रेवाड़ी। वालीबॉल एसोसिएशन हरियाणा की ओर से सिरसा में 23 से 25 फरवरी तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय 11वीं यूथ स्टेट वालीबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रेवाड़ी की टीम रविवार को रवाना हुई। जिला वालीबॉल संघ के पदाधिकारियों ने 14 सदस्यीय टीम को सिरसा के लिए रवाना किया। जिला वालीबॉल संघ के उपप्रधान एडवोकेट निशांत यादव ने बताया कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का ट्रायल शनिवार को राव तुलाराम स्टेडियम में लिया गया था। ट्रायल के दौरान जिला वालीबॉल संघ के सचिव युधिष्ठिर, कोच कार्तिक, कोच निशांत व कोच राकेश चंद्र की मौजूद थे। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ी अरुण, मोहित, कार्तिक, धर्मेंद्र, हिमांशु, चेतन, नवीन, नीव, नवनीत, अनुज, दीपांशु, मोहित कुमार, अरुण कुमार व रोहन को सिरसा के लिए रवाना किया गया।



## पुलिस ने गांवों को नशा मुक्त करने के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

रेवाड़ी। जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम की ओर से रविवार को गांव सुर्खपुर व बास रतनथल में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। एएसआई जितेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा एक अभिशाप है, इसका मिलकर बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे।

## शिविर में 282 ग्रामीणों ने करवाई स्वास्थ्य जांच



बावल। जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की ओर गांव मंगलेश्वर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन हेल्प एज इंडिया के सहयोग से किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परामर्श, आवश्यक जांच एवं दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई गई। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने हड्डी रोग, त्वचा रोग, नेत्र रोग, मेडिसिन तथा ईएनटी से संबंधित सेवाएं प्रदान की। कैंप में 282 से अधिक ग्रामीणों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बावल के नायब तहसीलदार सैम जैन एवं जेएसडब्ल्यू के प्लांट हेड मुक्ति नाथ राय ने किया इस अवसर पर प्लांट के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी रामनिवास, मुख्य फामेर्सी अधिकारी महेंद्र, जितेंद्र कुमार, सीताराम शर्मा, एसपीओ अभिषेक शर्मा व डा. अतर सिंह दहिया मौजूद थे।

## हिंदू सम्मेलन में सनातन धर्म पर दिया जोर

खोरी। रविवार को गांव खोरी में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन से पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा तथा युवाओं ने बाइक रैली निकालकर एकता का संदेश दिया। कलश तथा बाइक यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर गांव में फेरी लगाते हुए बाबा झोपड़ी वाले मंदिर से वापस रामलीला मैदान में सम्पन्न हुई। सम्मेलन में सनातन धर्म पर जोर दिया गया और भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## महात्मा बुद्ध व स्वामी विवेकानंद ने दुनिया को शांति व भाईचारे का संदेश दिया: सोनी

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में राष्ट्रभक्ति का कार्यकम संगठित हिन्दू-अखंड भारत का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद् सीएल सोनी व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर के कहा कि प्राचीन काल से ही भारत वर्ष ने आक्रमण करके किसी देश की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास नहीं किया। भारत से पूरी दुनिया में महात्मा बुद्ध-स्वामी विवेकानंद जैसे संतों के माध्यम से विश्व शांति का ही संदेश प्रेषित हुआ है। यही कारण है कि यूनान, मिस्त्र व रोम की प्राचीन सभ्यताएं लगभग लुप्त हो चुकी है, लेकिन भारत वर्ष अपने 140 करोड़ नागरिकों के सहयोग से निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है। आज पूरे विश्व के भारत वर्ष के युवा प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे हैं। प्राचार्य राजेंद्र सिंह यादव, शिक्षाविद् डा. बलबीर अग्रवाल व रामरतन यादव ने कहा कि अभी हाल ही में एआई के संदर्भ में दुनिया के 15 देशों के मुखिया भारत आए। उन्होंने टैक्नालॉजी के क्षेत्र में भारतवासियों की बुद्धि का लोहा माना। पूर्व नगर प्रधान सरोज भारद्वाज व शिक्षाविद प्रीती कपूर ने कहा कि भारतवासी आज भी अपनी परम्पराओं का पूरा सम्मान करते है। यहां संयुक्त परिवार व आपसी रिश्तों का पूरा सम्मान किया जाता है। कार्यक्रम में उल्लेखनीय सेवाओं के समाजसेवी राजेंद्र गेरा, वक्ता पंकज सैनी, उपप्रधान हेमंत ग्रोवर व सुदर्शन मेहंदीरत्ता को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डा. देवेन्द्र कुमार, सतीश भारद्वाज, कपिल कपूर, राहुल कालड़ा, हिमांशु पिपलानी व उमा मिगलानी सहित अनेक गणमान्य मौजूद थे।

**सेमिनार**

### जिला स्तरीय सेमिनार में बागवानी योजनाओं की दी जानकारी

# किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बागवानी विभाग की ओर से गांव कवाली में एकीकृत बागवानी मिशन के तहत जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा बागवानी मिशन कियान्वन इकाई पंचकूला के मिशन निदेशक डा. जोगेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला के संयुक्त निदेशक डा. सुधीर यादव ने की। उद्यान विकास अधिकारी बावल डा. प्रवीन गोयल ने अतिथियों, अधिकारियों व किसानों का स्वागत किया। इस अवसर पर अरावली किसान क्लब की ओर से अधिकारियों का सम्मान किया गया। आईडीबीआई बैंक मैनेजर तुलिका यादव ने किसानों के लिए चलाई जा रही एआईएफ योजना व अन्य योजनाओं की जानकारी दी। पशुपालन विभाग के उप निदेशक डा. यादवेन्द्र सिंह ने विभाग से संबंधित योजनाओं व पशुओं में आने वाली बीमारियों की रोकथाम बारे बताया।

मुख्य अतिथि डा. जोगेन्द्र सिंह ने जिले में बढ़ रहे बागवानी क्षेत्र की सराहना की। मुख्य अतिथि ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करते हुए अनुदान राशि के चेक वितरित किए तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया। सेमिनार में विभिन्न विभागों, बीज कंपनियों, मिनी स्प्रिंकलर व ड्रीप सिचाई प्रणाली, प्रगतिशील किसान, एफपीओ उर्वरक कीटनाशक व फफूंदनाशक कंपनियों की ओर से स्टॉल्स लगाकर किसानों को जानकारी दी।




रेवाड़ी। सेमिनार में किसानों को जानकारी देते हुए वैज्ञानिक। फोटो : हरिभूमि

**किसानों को नई योजनाओं से कराया अवगत**

किसान रत्न व राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित किसान यशपाल खोला ने प्राकृतिक खेती के बारे में विचार सांझा किए व किसानों से आह्वान किया कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से जहर व बीमारियों से छुटकारा पा सकते है। जिला बागवानी अधिकारी डा. मंदीप यादव ने किसानों को विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में एमआईडीएच स्कीम पहली बार आई हैं। डा. सुधीर यादव ने किसानों के लिए नई योजना जीआईसीए के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यह योजना हरियाणा सरकार ने जापान के सहयोग से आरम्भ की है। योजना के तहत हरियाणा राज्य में फलों व सब्जियों की तुड़ाई के उपरांत प्रबंधन के लिए 409 छोटे व बड़े पैक हाउस बनाए जाएगे, जो गन्नौर में बन रही अंतराष्ट्रीय मंडी के लिए स्पोक्स का काम करेंगे।

## रासायनिक खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों का किया मार्गदर्शन

रेवाड़ी। हरियाणा मैनेजमेंट एंड एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट जींद की ओर से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रगतिशील किसानों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ कृषि विभाग मॉडल टाउन में किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डा. जोगिंद्र सिंह यादव डीन के आर मंगलम यूनिवर्सिटी गुरुग्राम ने सभी का स्वागत किया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे 55 प्रगतिशील किसानों ने शिविर में भाग लिया। इस मौके पर खंड कृषि अधिकारी डा. अनिल यादव ने प्राकृतिक खेती की उपयोगिता पर अपने विचार रखते तथा कृषि विभाग की विभिन्न स्कीमों के बारे में बताया। डा. जोगिंद्र यादव ने रासायनिक खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि महिला किसानों को भी किचन गार्डन लगाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे घर तक ताजी और हरी सब्जियां पहुंच सकें। कार्यक्रम में खेती में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान की जानकारी दी गई। क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र से वैज्ञानिक डा. सतजीत ने प्राकृतिक खेती में जीवामृत, घनजीवमृत एवं अन्य प्राकृतिक खेती में उपयोगी आदानों की तैयार करने व उपयोग करने का तरीका एवं इनके प्रयोग से फसलों में होने वाले लाभ के बारे में बताया। डा. जयनाथ पटेल ने प्राकृतिक खेती में मृदा स्वास्थ्य को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए हरी खाद के प्रयोग पर जोर दिया। उन्होंने मिट्टी और पानी की जांच के लिए नमूने लेने की सही विधि बताई और किसानों को मृदा संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। डा. अनिल लांबा ने प्राकृतिक खेती से संबंधित कृषि विभाग की विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर में किसानों को मार्केटिंग और एक्सपोर्ट, कीट व बीमारी की रोकथाम से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई।





## श्याम भक्तों के लिए सेवा शिविर का शुभारंभ

खोरी। खाटू श्याम का वार्षिक मेला शुरू हो चुका है। श्याम प्रेमियों की ओर से पैदल निशान यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविर लगाए गए है। खोरी बस स्टैंड पर श्याम सेवा शिविर लगाया गया, जिसका शुभारंभ जिला प्रमुख मनोज यादव ने किया। इस मौके पर जिला प्रमुख ने कहा कलयुग में खाटू वाले श्याम की विशेष आराधना और पूजा की जा रही है। खाटू नरेश के प्रति लोगों में विशेष आस्था है। प्रतिवर्ष पूरे देश से खाटू श्याम के लिए लोग पदयात्रा करते हैं और वहां ध्वजा चढ़ाकर अपनी मन्नतें मांगते हैं। उन्होंने कहा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा करना पुण्य का कार्य है। इस मौके पर राजीव यादव, नीरज यादव, शशि यादव, सुनील यादव मामडिया, विकास, सूबे सिंह, दिनेश मामडिया व अरविंद हरजीपुर सहित अने गणमान्य लोग मौजूद थे।